>

Title : Need to control environmental pollution caused by various industries in Mirzapur, Uttar Pradesh.

श्री बाल कुमार पटेल (मिर्ज़ापुर): सभापति महोदय, पहली बार सदन में बोलने का आपने मुझे मौका दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं और भारत सरकार पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त रखने के गंभीर प्रयास भी कर रही है परंतु मानक विहीन उद्योग अपने लाभ के लिए प्रदूषण मुक्त संयंत्र न लगाकर वातावरण को गंभीर रूप से प्रदूषित कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जनपद से जहां से हम चुनकर आए हैं, इसके पहले मैंने प्रधान मंत्री जी को 14 जुलाई और 9 नवम्बर को दो पत्र भी लिखे थे कि हमारे मिर्जापुर जनपद में इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट जो शांति गोपाल कोनकास्ट लिमिटेड धौसां व मैसर्स आर0एल0जे0 कोनकास्ट लिमिटेड, बड़ा गांव व जे.के. सीमेंट फैक्ट्री, चुनार के द्वारा प्रदूषण फैलाकर आसपास के निवासियों का जीवन दुर्लभ कर दिया गया है। इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट जल व वायु को तथा सीमेंट फैक्ट्री द्वारा गंभीर वायु प्रदूषण फैलाया जा रहा है। यहां तक कि बगल में गंगा नदी है और चुनार ऐतिहासिक किला भी बगल में है। यहां सीआरपीएफ जवान रहते हैं, यहां बड़े पैमाने पर प्रदूषण फैलाया जा रहा है। मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि तब तक देश में पर्यावरण मानकों का उल्लंघन कर चल रही इकाइयों के निर्माण व उत्पादन को प्रतिबंधित किया जाए जब तक प्रदूÂÂषण मानकों को पूर्ण न करें और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाए।